## अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग तेज

# राद्गुविवि कर्मचारी संघ में चल रहा घमासान

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कर्मचारियों और पेंशनर्स द्वारा अपनी मांगों को लेकर की गई 26 दिन की हड़ताल अब एक नया विवाद उठ गया है। विदित है कि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल द्वारा हड़ताल को अचानक समाप्त करने के निर्णय ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और संघ पदाधिकारियों के बीच भारी असंतोष पैदा कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष ने यह निर्णय संघ की कार्यकारिणी और हड़ताल में शामिल कर्मचारियों को विश्वास में लिए बिना ही एकतरफा रूप से लिया, जिससे कर्मचारी आक्रोशित है। संघ के कई प्रमुख पदाधिकारी, जो पहले अध्यक्ष के



समर्थन में थे, अब उनके निर्णय से असहमत दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यह पहली बार हुआ है जब राद्गुविवि कर्मचारी संघ के 57 वर्षों के इतिहास में किसी अध्यक्ष के खिलाफ इस स्तर की नाराज़गी सामने आई है।

### 216 कर्मचारियों का हस्ताक्षर पत्र सौंपा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारियों ने संघ के संविधान की धारा 19 का हवाला देते हुए अध्यक्ष, महासचिव और कुलगुरु को 216 कर्मचारियों का हस्ताक्षर वाला लिखित पत्र सौंपकर अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें अब यह विश्वास नहीं रह गया है कि वर्तमान अध्यक्ष के नेतृत्व में उनकी समस्याओं का समाधान हो पाएगा। धारा 19 के अनुसार, यदि संघ के कम से कम 20% सदस्य लिखित सूचना देकर अविश्वास प्रस्ताव की मांग करते हैं, तो अध्यक्ष को 7 दिनों के भीतर आमसभा की बैठक बुलानी होगी। प्रस्ताव पर निर्णय गुप्त मतदान से तीन चौथाई बहुमत द्वारा किया जाएगा।



# हावड़ा मेल में चढ़ते समय फिसला पैर, आरक्षक ने बचाई जान

**जबलपुर, नवभारत।** ज़रा सी लापरवाही जीवन पर कैसे भारी पड़ जाती है, इसका उदाहरण सोमवार रात जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक देखने को मिला जब रात्रि 08ः20 बजे गाड़ी सं. 12321 हावड़ा मेल के रवाना होते समय कोच नंबर एस 5 में चलती गाड़ी में चढ़ने की कोशिश के दौरान एक यात्री का पैर फिसलने पर वे प्लेटफार्म और रेलगाड़ी के बीच फंस गया। जिसको प्लेटफार्म में ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के आरक्षक देवी शंकर पांडे द्वारा अद्भुत साहस का परिचय देकर लगातार प्रयास कर तुरंत यात्री को पकड़कर कोच और प्लेटफार्म के बीच से बाहर प्लेटफार्म पर खींच कर निकाला गया। इस दौरान यात्री को प्लेटफार्म पर घसीटे जाने के कारण मामूली चोट आई हैं। जिम्मेदारों की माने तो हावड़ा मेल में यात्रा कर रहे यात्री का नाम शंकर लाल पिता कन्हैया लाल उम्र 45 साल निवासी ग्राम मरोल थाना सिरमौर जिला रीवा का निवासी है। शंकर लाल सतना से मुंबई तक की यात्रा कर रहे थे। तभी जबलपुर स्टेशन पर पानी की बोतल लेने के लिए उतरे ही थे गाड़ी चल पड़ी जिसपर चढ़ने की कोशिश करते समय उनका पैर फिसल गया।

# जंगली सुअर शिकार मामले में 3 आरोपी को भेजा गया जेल

**वन विभाग की सर्चिंग में मिला एक और जीव का शव**

**सिहोरा।** सिहोरा वन परिक्षेत्र सिहोरा के सिहोरा सर्किल के सरदा बीट में ग्राम घुघरा स्थित निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर और दो अन्य कर्मचारियों द्वारा प्लांट के जंगल में भटक कर पहुंचे दो जंगली सुअर का शिकार करने और उसके बाद उनके शव को प्लांट क्षेत्र में गड़ा देने का मामला उजागर हुआ तो महकमें में हडकंप मच गया। हरकत में आये वन विभाग जबलपुर सिहोरा की टीम ने तत्परता से कार्यवाही की वन विभाग को अपने मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की जंगली सुअर के शिकार में निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी शामिल है अनुविभागीय अधिकारी वन उप संभाग सिहोरा एम एल बरक़डे ने जानकारी में बताया कि मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार वन मंडल अधिकारी जबलपुर ऋषि मिश्रा के निर्देशानुसार में निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर अनुराग द्विवेदी जेसीबी ऑपरेटर बृजेश विश्वकर्मा मोहित दहिया को वन विभाग ने अभिरक्षा में लेकर तीनों से कड़ाई से पूछताछ की गई ।

### दफना दिए गए थे मृत सुअर

दो जंगली सुअर शिकार करने का अपराध स्वीकार कर मारे गए सुअरों के शव दफना दिए गए थे। जेसीबी से गड्ढा कर वहां दफनाने की बात बताये जाने की निशानदेही पर वन विभाग सिहोरा पनागर कुंडम की सर्चिग टीम ने शिकार में मारे दो जंगली सुअरों के शव गड्ढों से बरामद कर लिए वन विभाग को शिकार में मारे गए जंगली सुअर का पीएम करने पर मालूम हुआ की सुआरो को करंट लगाकर उनका शिकार किया गया है वन विभाग ने निसर्ग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर अनुराग द्विवेदी जेसीबी ऑपरेटर बृजेश विश्वकर्मा मोहित दहिया के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 के अंतर्गत दर्शित धारा के प्रकरण पंजीबद्ध किया गया आरोपितों को मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय सिहोरा में पेश किया गया जहां से आरोपितों को रिमांड में न्यायिक हिरासत में उप जेल सिहोरा भेज दिया गया

### कैंपस में लगा सीसीटीवी और डीवीआर जल गया

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जहां उक्त पूरा घटनाक्रम हुआ है। पूरा कैंपस सीसीटीवी कैमरों से लैस है। और चप्पे चप्पे पर कैमरा लगाकर निगरानी रखी जाती थी परंतु घटना के बाद कैमरों की रिकार्डिग रखने वाले डीवीआर में अचानक आग लग गई या सबूत मिटाने के लिए जला दिया गया और पूर्व में भी कितने जानवरों का शिकार किया गया है। और कौन कौन से राजों पर पर्दा डालने यह सब किया गया। वन विभाग कर रहा लगातार सर्चिंग मिला एक और जंगली जानवर का शव प्राप्त जानकारी के अनुसार आज डॉग स्कावड ने भी धटना स्थल पर जांच की है। और साथ ही सिहोरा कुंडम, पनागर की टीमों द्वारा लगातार सर्चिंग की जा रही है।

# पुत्र बहू के साथ माता-पिता को भूखा रख कर मारपीट कर देता है प्रताड़ना

**थाने से नहीं मिला न्याय तो बुजुर्ग दंपत्ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर लगाई न्याय की गुहार**

**जबलपुर।** बच्चे माता-पिता का अरमान, उम्मद होते है, लेकिन कलयुगी दौर में जिस माता पिता ने उंगलियां पकडक़र चलना सिखया, खून पसीने की कमाई से पाला पोसा, ताकि वे बुढ़ापे का सहारा बने लेकिन करमेता में एक कलयुगी पुत्र बहू के साथ माता-पिता को भूखा रख कर मारपीट कर प्रताड़ना देते हैं। यह शिकायत बुजुर्ग दंपत्ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ज्ञानी रजक पिता भुटिया रजक 58 वर्ष निवासी शारदा नगर,



करमेता ने शिकायत में बताया कि वह लकवाग्रस्त हैं उसका पुत्र लखनलाल एवं उसकी पत्नि विवाह के बाद विवाद एवं प्रताडित करते हैं। परेशान किया जा रहा है, खाना-पीना नही देते है पत्नि के साथ भी मारपीट करते है। मकान उसके नाम पर है और उसे ही मारपीट कर मकान से बेदखल करने की कोशिश करते है। माढ़ोताल थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की हैं।

## अवैध निर्माण और अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : निगमायुक्त

# सिविक सेंटर के चारों तरफ जमे अतिक्रमण हटे , ठेले-टपरों को किया गया जप्त

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मंगलवार को भी की गयी। इस संबंध में सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश सिंह भदोरिया ने बताया कि सिविक सेंटर के चारों तरफ ठेले टपरों क़ो हटाने की कार्यवाही की गई है, इसके साथ-साथ मुनादी भी कराई गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें। इसके साथ- साथ 23 सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों का भी निराकरण किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा है कि अब अवैध निर्माण और अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।कारवाई के समय अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदोरिया, पुलिस बल दल प्रभारी जे प्रवीण, अंकित पारस, लक्ष्मण कोरी, अभिषेक समुद्रे, नदीम खान, अतिक्रमण की पूरी टीम उपस्थित रही।

# सुरक्षा चौकस हो, सड़कें जाम न हो : एसपी

**धनतेरस -दीपावली को लेकर ली बैठक**

**जबलपुर।** दीपावली पर्व और धनतेरस में सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखें। बाजारों में कहीं पर भी जाम की स्थिति निर्मित न हो। त्योहार के समय सम्पत्ति सम्बंधी अपराध न हो ऐसी योजना बना ली। डायवर्सन प्वाईट लगाये, यातायात व्यवस्था बनाये रखे एवं संदिग्धों की चैकिंग करे। जहां-जहां भी भी सराफा बाजार हैं, आर्म्स गार्ड लगायी जाये। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने पुलिस कन्ट्रोलरूम में राजपत्रित अधिकारी, थान एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेते हुए कहीं। आगे उन्होंने कहा कि छोटी सी घटना की जानकारी भी



लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें, हमारी कार्यवाही निष्पक्ष होना चाहिये। इसमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिये। बैठक में एसपी ने त्रिवार्षिक तुलनात्मक भादवि एवं बीएनएस व प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। इसके साथ ही थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी, धोखाधड़ी, महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी उपस्थित रही।

## 257 वाहनों से वसूला 91,900 का जुर्माना

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु दर को कम करने एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चालानी कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार मालवीय चौक, घमापुर, गढ़ा थाना क्षेत्र के पुलिस बल एवं यातायात थाना स्टाफ ने मिलकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों, चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट न लगाने वालों, तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की।अभियान के अंतर्गत पुराने बस स्टैंड तिराहा, अमखेरा बायपास रोड, पिसनहरी की मढ़िया रोड, कृषि विश्वविद्यालय रोड आदि क्षेत्रों में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियम तोड़ने वाले कुल 257 वाहन चालकों से 91,900 रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

# 1122 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



**नवभारत,पनागर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोंद ,उपस्वास्थ्य केंद्र कलाडूमर, उपस्वास्थ्य केंद्र नरेंद्रपुर , खम्हारिया कें सभी ग्रामों में लगभग 1122 बच्चों को टीम ने दवा पिलाया और उसके बाद अब टीम घर घर भ्रमण करके 0 से 5वर्ष के बच्चो राष्ट्रीय पल्स पोलियो की 2बूंद दवा पिलाई जा रही हे कार्यक्रम की शुरूआत जनप्रतिनिधियों ने की इस संबंध में सेक्टर सुपरवाइजर स्वास्थ्य चौधरी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो कार्यक्रम विगत 29 वर्षों से लगातार चलाया जा रहा जिसके फलस्वरूपही आज भारत पोलियो मुक्त हुआ, 27मार्च 2014को भारत पोलियो मुक्त हो गया था,और हमारे देश को डब्लू एच ओ ने प्रमाण पत्र प्रदान किया है,किंतु कुछ पड़ोसी राष्ट्र में अभी भी पोलियो संक्रमण है इसलिए अतिरिक्त सुरक्षा कवच की वजह से भारत में ये अभियान जारी हे,साथ ही अपील की कि सभी नागरिक अपने 0से5वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाए। टीम घर घर भ्रमण कर रही हे और छूटे हुए सभी लक्षित बच्चो को दवा पिला रही उक्त अभियान में आशा कार्यकर्ताओं एवं सभी स्वास्थ्य टीम हमारे जिले के टीका करन अधिकारी ब्लॉक के मुख्य चिकित्सा अधिकारी खंड स्वस्थ अधिकारी की टीम इस महा अभियान में लगी है।

# पड़रिया तालाब में सैकड़ों की संख्या में बैठे दिखे सारस



**नवभारत, बेलखाड़ू।** आज धूप खिली हुई थी, सर्दियों का आगमन और पड़रिया तालाब के नजदीक अचानक जाते हुए हमारी नजर सैकड़ों की संख्या में बैठे चित्रित सारस ( दूधिया सारस ) पर पड़ी और बरबस ही वहीं ठहर गए। इन्हें पेंटेड स्टार के नाम से भी जाना जाता है, ये बहुत बड़ा जलचर पक्षी है। ग्रामीणों के अनुसार बारिश खत्म होते ही और ठंड के शुरुआती दौर में पहुंच जाते है। इनकी शारीरिक बनावट नीचे की ओर मुड़ी हुई पीली चोंच, नारंगी सिर, गुलाबी पैर, पंखों पर काले धारीदार निशान होते हैं। सामान्य तह बड़े झुण्डों में बड़े पेड़ो पर,खुले रेत के टीलों पर,साफ पानी, दलदली जलाशय में पाए जाते हैं। ये मुख्य रूप से मछलियां, मेढक, घोंघे, मौलक्स एवं केकड़े इनका मुख्य भोजन होता है। बड़े पंख भरी उड़ान भरते हैं यह दृश्य लोगों को आकर्षित करता है।

# शिविर में 263 मरीजों का हुआ चेकअप

**नवभारत,पनागर।** ग्राम पंचायत पड़रिया पनागर में आयोजित स्वर्गीय रूपचंद यादव फाग कवि की 10,वी पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के विभिन्न बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों ने चेकअप कराकर निशुल्क दवाई ली एवं डॉक्टरों से परामर्श लिया। आयोजित शिविर में महात्मा गांधी होम्योपैथिक कॉलेज एवं अस्पताल के डॉक्टर डॉ जितेंद्र पटेल, डॉक्टर प्रियंका चौधरी, डॉ प्राची मिश्रा, डॉक्टर नैंसी महत्तो एवं उनकी टीम ने ग्राम पड़रिया भरदा जलगांव निपानिया कसही से आए हुए ग्रामीण मरीजों को निशुल्क दवाई वितरित कर उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए परामर्श दिया। कार्यक्रम में अतिथि



के रूप में प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका पनागर, डॉक्टर सत्येंद्र सिंह यादव वरिष्ठ नेता, विमल जैन सांसद प्रतिनिधि, रामकुमार याद बड़डा जिला अध्यक्ष यादव महासभा उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक विजय यादव ने बताया कि इस शिविर में 263 मरीजों को निशुल्क दवा एवं परामर्श दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व सरपंच महेंद्र उपाध्याय पूर्व सरपंच मुन्ना यादव सतीश यादव बड़डा कालूराम यादव ठेकेदार डॉ प्रकाश यादव अजय यादव वाई पी यादव विनय यादव अभिषेक यादव शेकू दिलीप रजक सरपंच कीर्तन यादव छोटू यादव ऋषि यादव सुखलाल पटेल धनु लाल बर्मन ताराचंद रजक प्रभु रजक मोहन यादव रंजीत यादव अरविंद यादव कैलाश यादव दीपक यादव गुड्डा ठाकुर नरेंद्र ठाकुर संजू सेन गोलू यादव संदीप यादव सत्येंद्र यादव सुबोध यादव जगन्नाथ रजक कमल दास यादव आदि सैकड़ो जन उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन विजय यादव एवं आभार प्रदर्शन कालूराम यादव ठेकेदार द्वारा किया गया।

# गिरदावली नहीं होने से खितौला पड़वार के किसान परेशान



**नवभारत,मझौली।** मझौली तहसील की ग्राम पंचायत खितौला पड़वार के सैकड़ों किसान इन दिनों धान फसल के रजिस्ट्रेशन को लेकर गंभीर संकट में हैं। किसानों का आरोप है कि समय पर फसल बोने के बावजूद अब तक गिरदावली नहीं कराई गई, जिससे न तो रजिस्ट्रेशन हो सका और न ही वे न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ ले पा रहे हैं। किसानों ने शिकायत की है कि पटवारी द्वारा मौके पर गिरदावली नहीं की गई और कुछ ऑपरेटर रजिस्ट्रेशन के लिए अवैध राशि की मांग कर रहे हैं। प्रशासनिक उदासीनता के कारण किसान सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, पर अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामवासी गनपत मिश्रा और रणजीत सिंह ने बताया कि खाद्य निरीक्षक से संपर्क करने पर उनसे यह पूछा गया कि क्या आपके पास कोई प्रमाण है कि आपने आवेदन किया था? - यह कथन किसानों की पीड़ा को और बढ़ाने वाला रहा। किसानों ने तहसीलदार मझौली एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि गिरदावली का तत्काल निरीक्षण कर पंजीयन सुनिश्चित कराया जाए। तहसीलदार दिलीप हनुमंत ने भरोसा दिलाया है कि यदि सरकार द्वारा तिथि बढ़ाई जाती है, तो जल्द गिरदावली कराई जाएगी।

## शीला बाई सेन का निधन



जबलपुर। एनजीएल फैक्ट्री कूडन भेड़ाघाट रोड जबलपुर निवासी शीला सेन पति सीताराम सेन का 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज सुबह 10 बजे भेड़ाघाट मुक्तिधाम में संपन्न किया जायेगा।



## व्यवसाई नीलेश पटेल का निधन

नवभारत,बेलखाड़ू। बेलखाड़ू निवासी अरुण पटेल के पुत्र, रोहित के भाई व आराध्या, वंशिका के पिता, बेलखाड़ू के चर्चित व्यवसाई नीलेश पटेल 40 वर्ष का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। पैतृक गांव बघोंडा में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक:** जेम/2025/ब/6753354, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर मंडल के GAR SHR SYA PHA KTE KHBJ BRGW SGAM MKP JTW STA स्टेशनों पर 26 महिने की अवधि के लिए जबलपुर मंडल पर चलाने हेतु कुल 11 पिकअप वैन को किराये मे लेना।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु.में):** रु 13713700/-, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये):** रु 00/-, **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय जबलपुर, **बयाना राशि रुपये:** रु 218600/-, **समापन अवधि (माह):** 26 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलनें की अंतिम तिथि एवं समय** :दिनांक 29.10.2025 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.30 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट:"https://gem.gov.in." पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूर संचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस पर भी उपलब्ध है। उक्त बेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती हैं।

**हस्ता.**
**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर






**मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल**

**डॉ. ए.पी. मोहन्ती**

(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)

एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।

पता: जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109

**श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

Shubham Hospital

**मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल**

★ जनरल मेडिसिन ★ हृदय रोग ★ नेत्र रोग ★ अस्थि रोग ★ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
★ न्यूरो तथा स्पाइन ★ नाक-कान-गला रोग ★ कैंसर ★ स्त्री एवं प्रसूती रोग ★ बाल रोग

24/7 आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है

दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम | **Union Bank of India** A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय, रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर-482001,
E-mail: crld.rojabalpur@unionbankofindia.bank

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता हैं की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को "जहां है जैसा है" और "जो कुंछ भी है" के आधार पर दिनांक **30.10.2025, दोपहर 11:00 बजे से शाम 05:00** बजे के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं से निम्नलिखित बाकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र. | ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम | संपत्ति का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **मेसर्स केजीएन साईकिल** प्रोपराइटर श्री अब्दुल हमीद पुत्र श्री अब्दुल मजीद निवासी देव मुरलीधर वार्ड, गोटेगांव, तहसील गोटेगांव, जिला. नरसिंहपुर, म.प्र. शाखा - गोटेगांव | मौजा छोटा छिंदवाड़ा, देव मुरलीधर वार्ड, पीएच क्रमांक 45/16 एनबी क्रमांक 175, डायवर्सन खसरा 283/49 क्षेत्रफल 510 वर्ग फीट, आरएनएम एवं तहसील गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन का सम्पूर्ण टुकड़ा। श्रीमती कमर जहाँ पत्नी अब्दुल हमीद (क्रेता) और श्रीमती सरोज बाई पत्नी सुंदरलाल सक्सेना (विक्रेता) के बीच दिनांक 03.12.2010 के पंजीकृत पट्टा विलेख संख्या 3239 के अनुसार सीमाएँ। | रू. 16,49,334.00/- + ब्याज + विविध व्यय एवं अन्य खर्चे | Rs. 15,69,000/- / Rs. 1,56,900/- | नवनीत कुमार 9888341628 |
| 2. | **मेसर्स सिद्धि विनायक इंटरप्राइजेज** प्रो. श्री दीपक नायडू पुत्र. -शारदा प्रसाद, निवासी एमआईजी-47, पुनीत नगर, अधारताल, जिला। जबलपुर, म.प्र. शाखा- मदन महल, जबलपुर | मौजा पूर्वा, एन बी क्रमांक 162 पीसी क्रमांक 28/33, न्यू 6, खसरा 662/27/ख का भाग, प्लॉट क्रमांक 57, आरआई सर्किल जबलपुर-1, शास्त्री नगर कॉलोनी, त्रिपुरी वार्ड, तहसील एवं जिला-जबलपुर, म.प्र. में स्थित संपत्ति भूमि का वह समस्त टुकड़ा, प्लॉट क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट। | रू. 12,26,376.00 + ब्याज + विविध व्यय एवं अन्य खर्चे | Rs. 12,75,000/- / Rs. 1,27,500/- | श्री प्रशांत शुक्ला 7987007959 |

विक्रय से संबंधित और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://baanknet.com and https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx

स्थानः जबलपुर, दिनांकः 14.10.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया